भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **1914**
दिनांक 10 दिसम्बर, 2015 / 19 अग्रहायण,1937(शक) को दिया जाने वाला उत्तर

एअर इंडिया का ओ.टी.पी.

1914. श्री पी.आर. सुन्दरम:

क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या एअर इंडिया समय पर निष्पादन में बड़े राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कैरियरों के बीच सबसे खराब है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;
(ग) क्या हाल के महीनों में एअर इंडिया सहित विभिन्न एयरलाइनों के समग्र ओटीपी में महत्वपूर्ण सुधार आया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) एअर इंडिया द्वारा अपने ओटीपी में और सुधार लाने के लिए क्या कदम उठाए गए/अथवा उठाए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ महेश शर्मा)

(क) : जी, नहीं ।
(ख) : उपर्युक्त (क) को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता ।
(ग) : एअर इंडिया सहित विभिन्न एयरलाइनों के उड़ानों से संबंधित समग्र क्रियाकलापों के समयबद्ध निष्पादन (OTP) में पिछले कुछ महीनों में काफी सुधार आया है। वर्ष 2015 के दौरान दिल्ली, मुम्बई, हैदराबाद तथा बंगलौर के चार महानगरों से संबंधित उड़ानों से संबंधित क्रियाकलापों का समयबद्ध निष्पादन (अक्तूबर, 2015 तक) अनुबंध में दिया गया है ।
(घ) : उड़ानों से संबंधित समग्र क्रियाकलापों के समयबद्ध निष्पादन (OTP) के लिए प्रत्येक संभव प्रयास किए गए हैं । एअर इंडिया में इसकी मॉनीटरिंग उच्चतर स्तर पर दैनिक आधार पर की जाती है । एकीकृत प्रचालन नियंत्रण केन्द्र (IOCC) में प्रतिदिन वीडियो कांफ्रेस आयोजित की जाती है जिसमें चारो क्षेत्रों के प्रचालनकर्ता विभाग के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभागिता करते हुए पिछले दिवस के प्रचालनों की समीक्षा की जाती है तथा अपेक्षा के अनुसार यथासंभव सुधार कार्रवाई की जाती है । अपेक्षाओं के अनुरूप हवाईअड्डा प्रचालकों, ग्राउंड हैंडलिंग एजेंसियों इत्यादि के सम्मुख मामले प्रस्तुत किए जाते हैं।

*****

अनुबंध - 1

माह	एयरलाइंस	% समय पर निष्पादन
जनवरी 2015	एअर इंडिया	52.1
	गो एयर	65.8
	इंडिगो	73.3
	जेट एयरवेज + जेट लाइट	63.7
	स्पाइस जेट	49.6
फ़रवरी 2015	एअर इंडिया	70.9
	गो एयर	74.7
	इंडिगो	83.8
	जेट एयरवेज + जेट लाइट	74.3
	स्पाइस जेट	75.8
मार्च 2015	एअर इंडिया	81.5
	गो एयर	79.1
	इंडिगो	88.1
	जेट एयरवेज + जेट लाइट	84
	स्पाइस जेट	80.9
अप्रैल 2015	एअर इंडिया	79.4
	गो एयर	80.6
	इंडिगो	79.1
	जेट एयरवेज + जेट लाइट	79.9
	स्पाइस जेट	74.8
मई 2015	एअर इंडिया	77.7
	गो एयर	77.9
	इंडिगो	80.2
	जेट एयरवेज + जेट लाइट	83.6
	स्पाइस जेट	72.1
जून 2015	एअर इंडिया	75.7
	गो एयर	76.8
	इंडिगो	82.6
	जेट एयरवेज + जेट लाइट	78.6
	स्पाइस जेट	60.2

माह	एयरलाइंस	% समय पर निष्पादन
जुलाई 2015	एअर इंडिया	73.4
	गो एयर	78.6
	इंडिगो	86.6
	जेट एयरवेज + जेट लाइट	80.4
	स्पाइस जेट	63.8
अगस्त 2015	एअर इंडिया	76.1
	गो एयर	83.8
	इंडिगो	90.6
	जेट एयरवेज + जेट लाइट	85.8
	स्पाइस जेट	77.3
सितम्बर 2015	एअर इंडिया	82.4
	गो एयर	83.9
	इंडिगो	91.2
	जेट एयरवेज + जेट लाइट	87.9
	स्पाइस जेट	85.1
अक्टूबर 2015	एअर इंडिया	75.5
	गो एयर	83.8
	इंडिगो	89.6
	जेट एयरवेज + जेट लाइट	85.3
	स्पाइस जेट	86.9